प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली में आदि महोत्सव–2025 का किया उद्घाटन, जनजातीय संस्कृति को सहेजने पर दिया जोर।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स में हुए शामिल, कहा– टेक्सटाईल सेक्टर में सबसे ज्यादा मिल रहे रोजगार के अवसर।
3. झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू में राजहरा कोयला खदान का किया उद्घाटन, कहा– राज्य सरकार को राजस्व और स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार।
4. देवघर जिले की साइबर पुलिस ने छापेमारी कर सात साइबर ठगों को किया गिरफ्तार, 48 घंटे के अन्दर 15 साइबर ठगों की हो चुकी है गिरफ्तारी।

और

5. पश्चिम बंगाल में चल रही 44वीं जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर महाराष्ट्र की टीम बनी विजेता, झारखंड उपविजेता।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अब से थोड़ी देर पहले नई दिल्ली के मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम में आदि महोत्सव–2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान श्रीमति द्रौपदी मुर्मू ने जनजातीय संस्कृति को सहेजने पर जोर दिया।

यह महोत्सव जनजातीय समुदायों की उद्यमिता, हस्तशिल्प, संस्कृति और खान–पान तथा वाणिज्यिक जनजीवन को लोगों से परिचित कराता है। नौ दिन का यह आयोजन इस महीने की 24 तारीख तक चलेगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि परंपराओं के साथ देश में विकसित भारत के दर्शन हो रहे हैं। भारत टेक्स अब मेगा ग्लोबल टेक्सटाइल इंवेंट बन रहा है। श्री मोदी अब से कुछ देर पहले नयी दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

श्री मोदी ने कहा कि भारत टेक्स में 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग ले रहे हैं।

*******************

झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज पलामू जिले के पण्डवा गांव स्थित राजहरा नॉर्थ सेंट्रल और ईस्टर्न कोयला खदान का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि इस कोयला खदान से राज्य सरकार को लगभग दो हजार करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्ति होगी। इस खदान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 550 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा ।

कार्यक्रम में पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने बंद खदानों को खोलने पर जोर दिया।

*******************

26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर देवघर स्थित बैद्यनाथधाम में पर्यटन विभाग की ओर से शिव बारात निकाली जायेगी।

*******************

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की ओर से आज रांची में गुरु रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रूप में मौजूद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं ने एक समान अवसर प्रदान करते हुए समाज के हर व्यक्ति के लिए बैंक के दरवाजे खोल दिए हैं।

*******************

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज की ओर से मंडल कारा, साहिबगंज में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर तथा मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और अपराध से दूर रहने की प्रेरणा दी गई ।

*******************

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की उच्चस्तरीय जांच शुरू हो गई है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि इस भगदड़ में 18 लोगों की मौत हुई है। घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है।

दिल्ली पुलिस भी भगदड़ से पहले के घटनाक्रम का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करेगी।

उत्तर रेलवे ने इस घटना में मारे गये लोगों के परिजनों और गंभीर तथा मामुली रूप से घायलों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

*******************

देवघर साइबर पुलिस की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जसीडीह थाना क्षेत्र में छापेमारी कर सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करते थे। इन आरोपियों के पास से छापेमारी टीम ने 14 मोबाइल सहित 18 सिम कार्ड जब्त किया है। दो दिन के दौरान साइबर पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के कपाली क्षेत्र से स्कूटी चोरी मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने छह मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

*******************

चतरा जिले की पुलिस ने आज गुप्त सूचना के आधार पर चतरा डाढा मुख्य मार्ग स्थित मैदान में छापेमारी कर चार तस्करों को लगभग ढाई ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

*******************

गिरिडीह जिले में आज दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए धनबाद भेजा गया है।

*******************

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में आज रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षा, चिकित्सा और व्यवसाय जगत समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़े सैकड़ो लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

*******************

पशिचम बंगाल में चल रही 44वीं जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर महाराष्ट्र की टीम विजेता बनी है जबकि झारखंड की टीम उपविजेता रही। आज हुए इस खेल के मिक्स टीम कंपाउंट इवेंट में झारखंड की कृष चंद्र और राज अदिति कुमारी की जोड़ी को महाराष्ट्र की टीम से हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

*******समाप्त********